## हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

### आरबीआई के 'लिक्विडीटी रिस्क मैनेजमेंट फ्रेमवर्क (एनबीएफसी - परिसंपत्ति देयता प्रबंधन) निर्देश, 2025' से संबंधी आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुपालन में, 31 मार्च 2026 तक लिक्विडीटी रिस्क पर सार्वजनिक प्रकटीकरण

---

**(i) प्रमुख प्रतिपक्ष[1] (जमा* और उधार दोनों) पर आधारित निधि संकेंद्रण:**

| प्रमुख प्रतिपक्षों[1] ** की संख्या | राशि (करोड़ रुपये में) | कुल जमा[2] का % | कुल देनदारियों[3] का % |
|---|---|---|---|
| 46 | 60,694.43 | लागू नहीं** | 41.90% |

** कुल जमा - 17.30 करोड़ रुपये, जिसमें जनता से प्राप्त सावधि जमा राशि 0.00 करोड़ रुपये और व्यक्तियों/एचयूएफ तथा ट्रस्ट द्वारा कंपनी के एक वर्ष से अधिक की मेच्योरिटी अवधि वाले और 1 करोड़ रुपये से कम की सदस्यता वाले अप्रतिभूतित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों में निवेश की गई 17.30 करोड़ रुपये की राशि शामिल है।*

*** कंपनी के पास ऐसा कोई जमाकर्ता नहीं है जो प्रमुख प्रतिपक्ष[1] के रूप में पात्र हो ।*

**(ii) शीर्ष 20 जमा राशि[2] :**

| 31.03.2026 तक | |
|---|---|
| राशि (करोड़ रुपये में) | कुल जमा* का % |
| 17.30 | 100% |

** कुल जमा - 17.30 करोड़ रुपये, जिसमें जनता से प्राप्त सावधि जमा राशि 0.00 करोड़ रुपये और व्यक्तियों/एचयूएफ तथा ट्रस्ट द्वारा कंपनी के एक वर्ष से अधिक की मेच्योरिटी अवधि वाले और 1 करोड़ रुपये से कम की सदस्यता वाले अप्रतिभूतित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों में निवेश की गई 17.30 करोड़ रुपये की राशि शामिल है।*

*** एक ही निवेश राशि वाले एक से अधिक निवेशक हैं। उचित जानकारी हेतु, ऐसे सभी निवेशकों को एक साथ समूहीकृत किया गया है और उन्हें शीर्ष 20 बड़े जमा में सम्मिलित किया गया है।*

**(iii) शीर्ष 10 ऋण राशि:**

| 31.03.2026 तक | |
|---|---|
| राशि (करोड़ रुपये में) | कुल ऋण का % |
| 77,152.14* | 54.46% |

** बैंकों द्वारा जारी किए गए बॉन्ड्स/सावधि ऋणों के आकार के आधार पर*

**(iv) प्रमुख साधन/उत्पाद[1] के आधार पर निधि संकेंद्रण :**

| **क्र. सं.** | **प्रमुख साधन/उत्पाद [1]** | **31.03.2026 तक** | |
|---|---|---|---|
| | | **राशि (करोड़ में)** | **कुल देनदारियों[3] का %** |
| 1. | ऋण प्रतिभूतियाँ | | |
| | - कर-मुक्त एनसीडी | 10,664.58 | 7.36% |
| | - कर योग्य एनसीडी | 50,029.85 | 34.54% |
| | - 54 ईसी बॉन्ड | 120.28 | 0.08% |
| | **उप-योग (1)** | **60,814.71** | **41.98%** |
| 2. | उधार (ऋण प्रतिभूतियों के अतिरिक्त) | | |
| | - एनएचबी से पुनर्वित्त सुविधा | 83.41 | 0.06% |
| | **-** बैंकिंग सुविधाएं (दीर्घकालिक + अल्पकालिक) | 60,641.49 | 41.86% |
| | - एफसीएनआर | 1,893.09 | 1.31% |
| | - अन्य वितीय संस्थाएँ | 5,500.00 | 3.80% |
| | - विदेशी मुद्रा ऋण | 12,744.30 | 8.80% |
| | **उप-योग (2)** | **80,862.29** | **55.82%** |
| | **कुल (1+2)** | **141,677.00** | **97.80%** |

**(v) स्टॉक अनुपात:**

| **क्र.सं.** | **विवरण** | **राशि (करोड़ रुपये में)** | **कुल सार्वजनिक निधियों का %** | **कुल देनदारियों का %** | **कुल परिसंपत्तियों का %** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कमर्शियल पेपर्स | - | - | - | - |
| 2. | गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (ओरिजिनल मैच्योरिटी अवधि से 1 वर्ष कम) | - | - | - | - |
| 3. | अन्य अल्पकालिक देनदारियाँ* | 5,005.56 | 3.53% | 3.46% | 3.00% |

**अन्य अल्प-कालिक देनदारियों में 1 वर्ष से कम की ओरिजिनल मैच्योरिटी वाली वित्तीय देनदारियाँ और गैर-वित्तीय देनदारियाँ शामिल हैं (1 वर्ष से कम की ओरिजिनल मैच्योरिटी वाले कमर्शियल पेपर्स और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के अतिरिक्त)।*

***पाद टिप्पणियाँ:***

1. *प्रमुख प्रतिपक्ष/प्रमुख साधन/उत्पाद को एकल प्रतिपक्ष/एकल साधन/उत्पाद या संबंधित या संबद्ध प्रतिपक्षों के समूह के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो कुल देनदारियों के 1% से अधिक का योगदान करते हैं।*

2. *"सार्वजनिक जमा" को भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां - सार्वजनिक जमा की स्वीकृति) निर्देश, 2025 में परिभाषित किया गया है।*

3. *कुल देनदारियों की गणना सभी वित्तीय और गैर-वित्तीय देनदारियों के योग के रूप में की गई है (31.03.2026 को समाप्त अवधि के लिए IND-AS के अनुसार तैयार किए गए लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों से ली गई) और इसमें इक्विटी तथा रिजर्व एवं अधिशेष शामिल नहीं हैं।*

4. *"सार्वजनिक निधि" को भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां - पंजीकरण, छूट और पैमाने आधारित विनियमन के लिए फ्रेमवर्क) निर्देश, 2025 में परिभाषित किया गया है, जिसमें कहा गया है कि "सार्वजनिक निधि" में सार्वजनिक जमा, इंटर-कॉर्पोरेट जमा, बैंक वित्त और बाहरी स्रोतों से प्राप्त सभी निधियों जैसे कमर्शियल पेपर्स, डिबेंचर आदि के इश्यू द्वारा जुटाई गई निधियां प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं, लेकिन इश्यू की तिथि से 5 वर्ष से अधिक की अवधि के भीतर इक्विटी शेयरों में अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय उपकरणों के इश्यू द्वारा जुटाई गई निधियां इसमें शामिल नहीं हैं।*

5. *इस प्रकटीकरण में दी गई जानकारी 31.03.2026 को समाप्त अवधि के लिए लेखापरीक्षित स्वतंत्र वित्तीय विवरणों (IND-AS के अनुसार तैयार) पर आधारित है।*

**<u>गुणात्मक प्रकटीकरण:</u>**

**लिक्विडिटी रिस्क मैनेजमेंट के लिए इंस्टीट्यूशनल सेट-अप:** हडको ने एक एकीकृत जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण अपनाया है जिसके अंतर्गत यह नियमित रूप से प्रमुख जोखिमों की समीक्षा और मूल्यांकन करता है ताकि जोखिम नियंत्रण और शमन की एक सुदृढ़ प्रणाली सुनिश्चित हो सके। हडको के पास विभिन्न जोखिमों से निपटने के लिए अपने उद्देश्यों के अनुरूप एक सुव्यवस्थित और सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन नीति और प्रचालन नियमावली है।

HOUSING & URBAN DEVELOPMENT CORPN. LTD. हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड hudco

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के अनुपालन में, हडको ने निदेशक मंडल के एक सदस्य की अध्यक्षता में 'जोखिम प्रबंधन समिति' (आरएमसी) नामक एक बोर्ड स्तरीय समिति का गठन किया है, जो दो (2) उप-समितियों के विभिन्न निर्णयों/सिफारिशों की समीक्षा करती है, अर्थात्:

- क्रेडिट एवं प्रचालन जोखिम प्रबंधन उप-समिति (सीओआरएमएससी);
- संपत्ति देयता प्रबंधन उप-समिति (एएलसीओ);

जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी), जो बोर्ड की एक समिति है, यह सुनिश्चित करती है कि जोखिमों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन और समन्वय किया जाए। एएलसीओ बोर्ड द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीति में निर्धारित लिक्विडीटी रिस्क सहनशीलता/सीमाओं के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। लिक्विडीटी रिस्क के संबंध में एएलसीओ की भूमिका में, अन्य बातों के साथा साथ, परिसंपत्तियों और देनदारियों के लिए वांछित म्चोरिटी प्रोफ़ाइल पर निर्णय लेना, लिक्विडीटी रिस्क प्रबंधन के लिए जिम्मेदारियां और नियंत्रण निर्धारित करना, और कंपनी की लिक्विडीटी स्थिति की निगरानी करना शामिल है।

प्रबंधन नियमित रूप से नकदी और नकदी समतुल्य की स्थिति की समीक्षा करता है, और इसे वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देनदारियों की अनुमानित म्चोरिटी, आर्थिक वातावरण, वित्तीय बाजार में लिक्विडीटी की स्थिति, भविष्य के उधार और भविष्य की देनदारियों की अपेक्षित पाइपलाइन और एएलएम नीति में परिभाषित न्यूनतम लिक्विडीटी की सीमा के साथ-साथ प्रबंधन ओवरले के रूप में अतिरिक्त लिक्विडीटी बफर के साथ संरेखित करता है।

**<u>एलसीआर पर मात्रात्मक प्रकटीकरण:</u>**

लिक्विडिटी कवरेज अनुपात(एलसीआर) का उद्देश्य यह सुनिश्चित करके गैर-राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों (एनबीएफसी) की संभावित लिक्विडिटी संबंधी बाधाओं के प्रति रेसिलेंस को बढ़ावा देना है कि उनके पास 30 दिनों तक चलने वाले किसी भी तीव्र लिक्विडिटी संकट परिदृश्य से निपटने के लिए पर्याप्त उच्च गुणवत्ता वाली लिक्विड संपत्ति (एचक्यूएलए) हो।

आरबीआई (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - परिसंपत्ति देयता प्रबंधन) दिशा-निर्देश, 2025 के अनुसार, हडको को निरंतर आधार पर न्यूनतम 100 प्रतिशत का लिक्विडीटी कवरेज अनुपात (एलसीआर) बनाए रखना आवश्यक है। लिक्विडीटी कवरेज अनुपात (एलसीआर) पर दिशानिर्देशों के अध्याय III पैरा संख्या 62 के अनुसार, 5000 करोड़ रुपये और उससे अधिक की परिसंपत्ति आकार वाली गैर-जमा लेने वाली एनबीसीएफसी को पर्याप्त मात्रा में अप्रतिबंधित एचक्यूएलए बनाए रखना होगा जिसे नकदी में परिवर्तित किया जा सके ताकि गंभीर लिक्विडीटी संकट की स्थिति में 30 दिनों की समयावधि के लिए उसकी लिक्विडीटी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
HOUSING & URBAN DEVELOPMENT CORPN. LTD.
hudco

तदनुसार, कंपनी ने उच्च गुणवत्ता वाली लिक्विड परिसंपत्तियों (एचक्यूएलए) का आकलन किया है और उनमें निवेश किया है। प्रबंधन का मानना है कि कंपनी के पास भविष्य में संभावित अल्पकालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त लिक्विडीटी है।

हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड HOUSING & URBAN DEVELOPMENT CORPN. LTD. हडको hudco

## 31.03.2026 तक लिक्विडिटी कवरेज अनुपात पर प्रकटीकरण

*(₹ करोड़ में)*

| उच्च गुणवत्ता वाली लिक्विड परिसंपत्तियाँ | | तिमाही-4 (जनवरी 2026 - मार्च 2026) | |
|---|---|---|---|
| | | **कुल अभारित मान (औसत)** | **कुल भारित मान (औसत)** |
| 1 | कुल उच्च गुणवत्ता वाली लिक्विड परिसंपत्ति (एचक्यूएलए) | 1,746.46 | 1,641.75 |
| **नकदी आउटफ्लो** | | | |
| 2 | डिपॉजिट (डिपॉजिट लेने वाली कंपनियों के लिए) | - | - |
| 3 | अप्रतिभूतित थोक वित्तपोषण | 2,789.38 | 3,207.78 |
| 4 | प्रतिभूतित थोक वित्तपोषण | 309.93 | 356.42 |
| 5 | अतिरिक्त आवश्यकताएं, जिनमें | - | - |
| (i) | डेरिवेटिव एक्सपोज़र और अन्य कोलैटरल आवश्यकताओं से संबंधित आउटफ़्लो | - | - |
| (ii) | ऋण उत्पादों पर वित्तपोषण की हानि से संबंधित आउटफ्लो | - | - |
| (iii) | क्रेडिट और लिक्विडीटी सुविधाएं | - | - |
| 6 | अन्य संविदात्मक वित्तपोषण दायित्व | 25.00 | 28.75 |
| 7 | अन्य आकस्मिक वित्तपोषण दायित्व | 3.00 | 3.45 |
| 8 | **कुल नकदी आउटफ्लो** | **3,127.31** | **3,596.41** |
| **नकदी प्रवाह** | | | |
| 9 | प्रतिभूतित ऋण | 2,583.36 | 1,937.52 |
| 10 | पूर्ण रूप से निष्पादित करने वाले एक्सपोज़र से इनफ्लो* | - | - |
| 11 | अन्य नकदी प्रवाह | 9,019.05 | 6,764.29 |
| 12 | **कुल नकदी प्रवाह** | **11,602.41** | **8,701.81** |
| | | | **कुल समायोजित मूल्य** |
| 13 | **कुल एचक्यूएलए** | | **1,641.75** |
| 14 | **कुल नेट नकदी आउटफ्लो** | | **899.10** |
| 15 | **लिक्विडीटी कवरेज अनुपात (%)** | | **182.60%** |

टिप्पणियाँ:

1. *30 दिनों के भीतर म्चियोर होने वाले या वापस मांगे जा सकने वाले बकाया शेषों के रूप में गणना किए गए भाररहित मूल्य (नकदी प्रवाह और नकदी आउटफ्लो के लिए)।*
2. *संबंधित कटौती (एचक्यूएलए के लिए) और तनाव कारकों (नकदी आवक/नकदी आउटफ्लो पर) को लागू करने के बाद गणना किए गए भारित मूल्य।*
3. *भाररहित और भारित औसत राशियों की गणना दैनिक अवलोकनों का साधारण औसत लेकर की जाती है।*
4. *कंपनी द्वारा एसडीएल, बॉन्ड और बैंक बैलेंस में आवश्यक राशि का निवेश करके एचक्यूएलए का रखरखाव किया जा रहा है।*

**प्रतिभूतित* ऋण में सम्मिलित इनफ्लो मुख्यतः सरकारी गारंटी द्वारा समर्थित हैं, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इसके अतिरिक्त, इन ऋणों को 'निष्पादित परिसंपत्तियों' (performing exposure) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय इनफ्लोस की प्रस्तुति में किसी भी प्रकार के दोहराव से बचने हेतु, हमने 'पूर्णतः निष्पादित परिसंपत्तियों से इनफ्लो' श्रेणी के अंतर्गत आने वाली राशि को शामिल नहीं किया है।